समाचार

दिवंगत कर्मचारी सुखसिंह कंवर को निगम कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

कोरबा 23 मई 2022 – नगर पालिक निगम कोरबा में स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत रहे स्व.सुखसिंह कंवर को आज निगम कार्यालय साकेत में अधिकारी कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौनधारण कर पुण्यआत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना की। यहॉ उल्लेखनीय है कि स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत रहे स्व.सुखसिंह कंवर का एक सड़क दुर्घटना में विगत दिनों दुखद निधन हो गया, आज निगम कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, मेयर इन काउंसिल सदस्य प्रदीपराय जायसवाल, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं सुनील वर्मा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, सहायक अभियंता संजीव बोपापुरकर, लेखापाल अशोक देशमुख, नासिर सईद, कमल देवांगन, दिवाकांत जायसवाल, आनंद दुबे, शकरलाल साहू, कपिल श्रीवास्तव, सरस देवांगन, शांतिलाल सोनी, रविकिरण, बीना एंथोनी, तारा भगत, आभा सिंह, माधुरी सिदार, शीतला, कीर्ति, तिहारिन बाई, गिरजा, सुमित्रा, कृष्णादास महंत, रघु यादव, मनोज श्रीवास, साधराम, हीरा बहादुर, श्यामलाल साहू, विकास टण्डन, सुभाष राठिया, गुलाब सिंह, प्रमोद, आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।